


निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

हिन्दी मासिक जोधपुर


# माली सैनी सन्देश


वर्ष : 19 अंक : 217 30 अगस्त 2023 मूल्य : 30/-प्रति




## सोलापुर में निर्माणाधीन

# संत शिरोमणि सावता जी महाराज 'भक्त निवास'

- 100 आधुनिक सुविधायुक्त रूम्स
- संत शिरोमणि सावता महाराज जीवन परिचय का विस्तृत वर्णन चित्रण
- संत शिरोमणि सावता महाराज शिक्षण संस्थान
- धार्मिक आयोजन हेतु सर्व सुविधा युक्त भवन
- समाज के उपेक्षित अनाथ बच्चों के लिए छात्रावास
- अन्य समाज उपयोगी सुविधाएं
- **हमारा समाज सुदृढ़ समाज**




















ग्रीन माइंडेड फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेन्द्र गहलोत द्वारा पावटा चौराहा पर 3000 निशुल्क पौधे वितरण किए गए

## श्री सुमेर शिक्षण संस्थान के चुनाव 2023 में निर्विरोध एवं निर्वाचित पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्य


नरेन्द्र कच्छावाहा
अध्यक्ष


रघुनाथ सांखला
उपाध्यक्ष


लतेश भाटी
महासचिव


नरपत सांखला
सचिव


देवीसिंह सोलंकी
कोषाध्यक्ष


जसवंत कच्छवाहा
सचिव


अरविन्द परिहार
उपसचिव



प्रदीप परिहार
कोषाध्यक्ष


राजेन्द्र परिहार


अनिल कच्छावाहा


महेश कच्छावाहा


नरेश सांखला


युधिष्ठर परिहार


प्रदीप कच्छावाहा


प्रदीप सांखला

श्री सुमेर शिक्षण संस्थान के निदेशक मण्डल के पांचों पदों पर निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी। अध्यक्ष नरेन्द्र कच्छवाहा, उपाध्यक्ष रघुनाथ सांखला, महासचिव लतेश भाटी, सचिव नरपत सांखला, कोषाध्यक्ष देवीसिंह सोलंकी। इसके साथ ही प्रबंध समिति में सचिव जसवंतसिंह कच्छवाहा, उप सचिव अरविंद परिहार, कोषाध्यक्ष प्रदीप परिहार के साथ ही राजेन्द्र परिहार, अनिलकुमार कच्छवाहा, महेश कच्छवाहा, नरेश सांखला, युधिष्ठर परिहार, प्रदिप कच्छवाहा, प्रदीप सांखला को श्री सुमेर शिक्षण संस्थान प्रबंध समिति के कार्यकारिणी सदस्य बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण


जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह
(पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)



एडवोकेट श्रीमान पुरूषोत्तम सोलंकी
(समाजसेवी, बाड़मेर)


श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत
(पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)


श्रीमान रघुभाई देवड़ा
(भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)


श्रीमान इंजि. जुगल किशोर भाटी
(भेल इण्डिया, भोपाल)


श्रीमान नरपत सिंह सांखला
(बिल्डर्स/समाजसेवी)


श्रीमान संतोक सिंह गहलोत
(व्यवसायी/समाजसेवी)


श्रीमान तारासिंह सांखला
(व्यवसायी/समाजसेवी)

## संपादक की कलम से...

# समय का महत्व




**मनीष गहलोत**
संपादक

समय का हमारे जीवन से कई महत्वपूर्ण रिश्ता है। जब मनुष्य का जन्म होता है, तब से समय सदैव उसके साथ बना रहता है उसके अंत समय पर ही उसके साथ उसका समय समाप्त हो जाता है। यद्यपि मनुष्य जन्म लेते है और मर जाते है, परन्तु समय निरंतर अपनी धूरी पर चलता ही रहता है। वह शांत निश्चल भाव से बिना किसी भेदभाव के निरंतर गति से चलता रहता हैं समय का कार्य मात्र वर्षो व दिनों को दर्शान तक ही सीमित नहीं है। वह यह भी दिखाता है कि हमने अपने जीवन में काल में उसका (समय) सदुपयोग किया है या सदुपयोग। इस संसार में इस समय अरबों की संख्या में मनुष्य रहते है पर उनमें से कुछ ही समय का सदुपयोग कर उन्नति प्राप्त करते है सभी मनुष्यों के लिए यह संभव नहीं होता क्योंकि वे अपने समय का मूल्य न जानकर उसका सदुपयोग नहीं कर पाते और उनका अपव्यय करते हैं वे अपने सम्पूर्ण जीवन में इसी दुख से पीड़ित रहते है कि उन्होंने समय पर कुछ नहीं किया। अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत। यदि समय को सही तरह से व्यवस्थित किया जाये तो अपने जीवन को एक नई दिशा दी जा सकती है। ऐसे कई उदाहरण हम स्वयं के जीवन में देख सकते है जब एक क्षण की देरी से हमें कई महत्वपूर्ण अवसरों पर हाथ धोना पड़ा हो। हमें चाहिए कि हम समय का सदुपयोग करें। हर कार्य को निश्चित समय अवधि पर या पहले समाप्त करे ताकि बचे हुए समय में हम अपने अन्य कार्यो को पूरा कर सके। तालिका बनकर विभिन्न कार्यो को करने के लिए समय निश्चित करे ओर उसी कार्य तालिका के अनुसार कार्य को कार्यन्वित करें।

यदि हम समय को सम्मान देंगे तो वह बदले में उतना ही फल देगा। हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए की बर्बादी पर रोक। अपने जीवन में हमें समय का पाबंद बनना चाहिए। एक विद्यार्थी के जीवन में समय का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान होता है। उसका एक एक पल उसके द्वारा व्यवस्थित होना चाहिए। उसे अपने खाने पीने खेलने पढने सोने आदि के लिए एक तालिका का निर्माण करना आवश्यक है। यदि हम अपने समय को व्यवस्थित न कर उससे यूं ही बर्बाद करते रहेंगे तो कभी भी अपनी परीक्षा संबंधी तैयारी समय पर समाप्त नहीं कर पायेगा और फलस्वरूप उसे परीक्षा में असफलता हाथ लगेगी इसी बात पर रहीमजी ने कहा है –

**समय लाभ सम लाभ नहिं, समय चूक सम चूक।**
**चतुरन चित रहिमन लगी, समय चूक की हूक ।।**

अर्थात वही लोग जीवन में उन्नति व विकास कर पाते है जो अपने समय का मूल्य पहचानते है। हमें समय की मांग के अनुसार अपने समस्त कार्यो को पूरा करना चाहिए। एक पल को भी व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। विद्यार्थी काल से ही समय की उपयोगिता पर ध्यान देकर अपने कार्यो को किया जाये तो समय सम्पूर्ण जीवन में हमारे विपरीत न जाते हुए हमारे समकक्ष चलने लगता है। एक पेड़ निश्चित समय पर फूल व फल देता है और उसके पक जाने पर उसे गिरा देता हैं दूसरी तरफ मनुष्य अपने जीवन काल में बचपन, यौवन, वृद्धावस्था तक आ जाता है यह सब समय के होने व उसके व्यतीत होने का प्रमाण है कि समय कभी किसी के लिए नहीं ठहरता बल्कि अपनी गति से चलता रहता है। हमें इस बात को सदैव गांठ बांधकर रख लेना चाहिए कि गया हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता। यदि इस बात को स्मरण कर समय का सदुपयोग किया जाये तो सदैव उन्नति व विकास हमारे कदम चूमेगी। समय की कद्र यही हमारा गुरूमंत्र होना चाहिए। हमें अपने जीवन में समय के महत्व को समझते हुए इसका उपयोग करना चाहिए।

**जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।**
**समाज सेवा है बड़ी हितकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार**
**विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।**

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# संत शिरोमणि श्रीलिखमीदासजी महाराज की निर्वाण दिवस(बरसी) पर जनप्रतिनिधियों का सम्मेलन

**पत्रकारों का होगा सम्मान । भामाशाह सहयोग से होगी विवरणिका तैयार संस्थान अध्यक्ष द्वारा किया गया वेबसाइट का लोकार्पण, पंजीकरण कार्य प्रारंभ**



संत शिरोमणि श्रीलिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा नागौर के तत्वावधान में बुधवार 4 अक्टूबर को गुरु महाराज की पुण्यतिथि (बरसी) का आयोजन होगा। पुण्यतिथि पर देव मंदिर व स्मारक स्थल पर पूजन व महा आरती का कार्यक्रम रहेगा। इस अवसर पर संस्थान परिसर में राजस्थान राज्य के माली सैनी समाज के जनप्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित होगा। संस्थान के सचिव राधाकिशन तंवर व सहसचिव हरीशचंद देवड़ा ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न बोर्डो में नियुक्त गैर सरकारी अध्यक्ष व सदस्य, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच व उपसरपंच को निमंत्रित किया जाएगा। साथ ही विभिन्न नगर निकायों के पार्षदों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में भामाशाह के सहयोग से इनसे संबंधित विवरणिका का भी प्रकाशन का प्रयास किया जा रहा है। इसमें इन सभी जनप्रतिनिधियों के नाम, पारिवारिक विवरण, पद, निवास स्थान का विवरण फोटो सहित होगा। साथ ही राजस्थान राज्य में माली सैनी समाज के पत्रकारों, संवाददाताओं व मीडिया कर्मियों का भी सम्मान किया जाएगा। साथ ही उनका विवरण समाज बंधुओं के सहयोग से एकत्र करके संकलित, प्रकाशित किया जाएगा। इस संबंध में विभिन्न जिलों में प्रभारी व सह प्रभारियों को दायित्व देकर अपने अपने जिले से संबंधित जनप्रतिनिधियों के विवरण के संकलन की कार्ययोजना बनाकर सौंपा जाएगा। इस निमित्त संस्थान की कार्यालय टीम के सदस्य टीकमचंद कच्छावा, रूपचंद टाक, मांगीलाल गहलोत व राधेश्याम टाक द्वारा संस्थान कोषाध्यक्ष कमल भाटी के नेतृत्व में इस कार्य को संपादित किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित समाज बंधु संस्थान की वेबसाइट www.sldamarpura.org / www-sldamarpura.com / www.sldamarpura.in पर इससे संबंधित विषय वस्तु का अवलोकन कर सकेंगे तथा संस्थान की वेबसाइट पर अपनी प्रविष्टियां 4 सितंबर तक प्रेषित कर सकेंगे। संस्थान अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत द्वारा कार्यालय टीम के सहयोग से वेब डिजाइनर जयकिशन सोलंकी द्वारा इससे संबंधित पुनर्निर्माण की गई वेबसाइट का लोकार्पण किया गया। कार्यालय टीम के टीकम चंद कच्छावा द्वारा वेबसाइट से संबंधित समस्त जानकारियां संस्थान अध्यक्ष को प्रदान की गई। साथ ही 4 अक्टूबर को होने वाले राज्य स्तरीय जनप्रतिनिधि सम्मान व पत्रकार सम्मान समारोह के पंजीकरण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। संस्थान अध्यक्ष गहलोत द्वारा नगर परिषद नागौर के पार्षद मनीष कच्छावा का उनसे संबंधित डाक्यूमेंट्स के आधार पर पंजीकरण करके इस कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के कोषाध्यक्ष कमल भाटी, दौलत भाटी, बजरंग सांखला, बालकिशन, हरिकिशन भाटी, देवानंद गहलोत भी उपस्थित थे।

## हमीदपुर (हरियाणा) के युवा वैज्ञानिक स्वास्तिक सैनी का चंद्रयान मिशन में रहा अहम योगदान



कुरुक्षेत्र/बाबैन। चंद्रयान-3 की चांद पर सफल लैंडिंग हुई तो क्षेत्र का गांव हमीदपुर भी चमक उठा। माली सैनी संदेश पत्रिका को जानकारी मिली की इसके पीछे हरियाणा के इस छोटे से गांव के होनहार वैज्ञानिक स्वास्तिक सैनी चंद्रयान-3 मिशन की टीम का अहम हिस्सा रहे। मिशन की इस सफलता पर परिवार व गांव में खुशी की लहर दौड़ गई तो हर कोई स्वास्तिक सैनी पर नाज कर रहा है। गांव सुनारिया के राजकीय मीडिल स्कूल के मुख्याध्यापक मास्टर कुलवंत सिंह शास्त्री के मुताबिक बेटे स्वास्तिक मिशन को लेकर पहले भी अक्सर चर्चा करते थे। वे बताते थे कि इस बार हर वैज्ञानिक उत्साह से भरपूर लबरेज है और पूरी उम्मीद है कि यह मिशन सफल होगा। अब मिशन सफल हुआ तो बेटे ने फोन कर माता-पिता को भी बधाई दी। जैसे ही उनके मोबाइल की घंटी बजी तो परिवार व पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। चंद्रयान के कैमरे से लेकर इलेक्ट्रॉनिक आइटम किए तैयार स्वास्तिक सैनी फिलहाल इसरो के अहमदाबाद कार्यालय में वैज्ञानिक के तौर पर तैनात है। इसी कार्यालय में ही चंद्रयान के कैमरों से लेकर अन्य इलेक्ट्रोनिक्स सामान को अंतिम रूप दिया गया। इसमें उनका अहम योगदान रहा है। इन्हीं कैमरों की बदौलत ही आज पूरी दुनिया चांद की तस्वीरें देख पाई है। आज इस सफलता पर स्वातिक सैनी को भी पूरा गर्व है। गीता निकेतन विद्यालय का रहा छात्र स्वास्तिक सैनी गीता निकेतन आवासीय विद्यालय का छात्र रहा है। पिता कुलवंत सिंह बताते हैं कि वह 10वीं व 12वीं से लेकर हर कक्षा में मेधावी रहा। उसकी बचपन से ही वैज्ञानिक बनकर इसरो में काम करने की इच्छा रही और इसे पूरा करने के लिए आईआईटी खड़गपुर से बीटेक व एमटेक किया। वर्ष 2019 में ही नियुक्ति मिली, जिसके चार बाद ही गत जून माह में वे एसई से पदोन्नत होकर एसडी बने। 31 जून को ही पदोन्नति की घर पर पार्टी देकर गए थे। उसी दौरान कहा था कि इस बार इसरो देश को बड़ा तोहफा देने वाला है। स्वास्तिक का भाई माधव भी आईआईटी दिल्ली से वैज्ञानिक बनने के लिए बीटेक की पढ़ाई कर रहा है।

**हर किसी का सीना हो गया चौड़ा :** राजबीर गांव के सरपंच राजबीर का कहना है कि स्वास्तिक जैसे वैज्ञानिकों की बदौलत ही आज हर देशवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। यह उनके अथक परिश्रम का परिणाम है। आज पूरा देश सभी वैज्ञानिकों पर गर्व कर रहा है हम सभी युवा वैज्ञानिक स्वास्तिक की इन महान उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते है स्वास्तिक ने माता पिता के साथ ही समाज को गौरवान्वित किया है।

**हमारा समाज सुदृढ़ समाज**

# बच्चों को शिक्षा स्कूल में मिल जाएगी, लेकिन संस्कार घर पर ही मिलेंगे - श्री बागड़ी

## 2000 अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण एवं 46 प्रतिभावान छात्र-छात्राएं सम्मानित



उज्जैन। माली समाज संतश्री लख्मीदास शैक्षणिक एवं पारमार्थिक समिति, उज्जैन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह एवं अभ्यास पुस्तिका का वितरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री पुरुषोत्तम बागड़ी शीतल गजक इंदौर थे। अतिथि के रूप में माली समाज के अध्यक्ष लीलाधर भाटी, समिति अध्यक्ष नेमीचंद मारोठिया, लालाराम गेहलोत, जितेन्द्र मावर, यादवप्रसाद बनासिया, गजानंद रामी, गोपाल बागरवाल थे। विष्णु वाटिका पीपली नाका में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ संतश्री लिखमीदासजी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। बोर्ड की 5वीं, 8वीं 10 वीं एवं 12वीं परीक्षा में श्रेष्ठ नंबर लाने वाले 46 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । इसके साथ ही 2000 अभ्यास पुस्तिका समाज के छात्र-छात्राओं को वितरित की गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री बागड़ी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा स्कूल में मिल जाएगी, लेकिन उन्हें संस्कार घर पर ही मिलेंगे, इससे घर मजबूत होगा परिवार संगठित रहेगा, बच्चे अच्छे संस्कार लेकर समाज का नाम रोशन कर सकेंगे, मां ही बच्चों को अच्छे संस्कार दे सकती है। इस अवसर पर सोनू गहलोत ने कहा कि सम्मान समारोह में प्रमाण पत्र बच्चों में उत्साह उमंग बढ़ाता है, जिससे वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं और अच्छे नंबर लाते हैं। वही समाज का नाम भी रोशन करेंगे। अतिथि परिचय सत्यनारायण कछावा ने दिया। समिति की आय-व्यय की जानकारी कोषाध्यक्ष सुरेशचंद्र गेहलोत ने दी। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा गेहलोत व आरती भाटी ने किया। आभार व्यक्त अशोक देवड़ा ने माना। इस अवसर हिम्मत बागड़ी, ओमप्रकाश गेहलोत, कमल सांखला, राजेश सांखला, बाबुलाल मारोठिया, निरंजन कछावा, प्यारेलाल कछावा, ओंकारलाल गेहलोत, किशोर कुमार भाटी, अशोक बागड़ी, दिनेश भाटी, सत्यनारायण तंवर आदि ने स्वागत किया।

यह जानकारी सत्यनारायण कछावा संत श्री लख्मीदास शैक्षणिक एवं पारमार्थिक समिति, उज्जैन 9425379649 ने दी।

# शैक्षणिक क्रांति का स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संकल्प

जयपुर। महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान के संस्थापक कोषाध्यक्ष रामलाल कच्छावा, महासचिव रामनारायण चौहान ने 77 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आदर्श नगर माली समाज के छात्रावास में ध्वजारोहण समारोह में भाग लिया। महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा समाजिक,शैक्षणिक क्रांति का अभियान चलाया गया था। उसे आगे बढ़ने का संकल्प लिया। इसी प्रकार विद्याधर नगर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं संस्थान द्वारा निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फूले भवन में भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों ने सराहनीय रूप से किया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट अनुभव चंदेल, उपाध्यक्ष हनुमान प्रसाद सैनी, महामंत्री पूनमचंद कच्छावा, जिला अध्यक्ष सीताराम सैनी, रमेश कुमार सैनी, महिला मित्र मंडल की अध्यक्ष रेनू सैनी सहित, पदाधिकारीयों, जनसमूह की उपस्थिति में मुख्य अतिथि दरबार हिम्मतसिंह गहलोत एवं बैंक डायरेक्टर सुरेश गहलोत द्वारा झंडा फहराया गया। इस अवसर पर प्रतिभावान विद्यार्थियों, भवन निर्माण में योगदान करने वाले भामाशाहों का अतिथियों ने सम्मान किया। उपस्थित जन समूह ने भवन निर्माण को समय अवधि में पूरा करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर योगदान करने का संकल्प लिया।










# माली सैनी समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं मिलन समारोह संपन्न

ब्यावरा। ऑल इंडिया माली सैनी समाज मध्य प्रदेश इकाई द्वारा अखिल भारतीय युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं मिलन समारोह आयोजन किया यहां सागर शहर में महाकवि पद्माकर सभागृह में 2 जुलाई को प्रात: 10.00 बजे से ऑल इंडिया माली सैनी समाज प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेश सुमन ब्यावरा ने बताया की अखिल भारतीय युवक युवती परिचय सम्मेलन मिलन समारोह में मुख्य अतिथि सागर विधायक शैलेंद्र जैन , महापौर श्रीमती संगीता तिवारी , राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगदीश सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी पी माली (पूर्व अपर कलेक्टर), विशेष अतिथि नगर निगम उज्जैन वृंदावन अहिरवार, राष्ट्रीय सचिव मोहन पटेल जावरा ,राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र कुमार सैनी भोपाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कैलाश सुमन राघौगढ़ गुना, महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष सतनारायण आजाद इंदौर, प्रदेश महासचिव विनोद माली, रीवा संभाग अध्यक्ष सुशील बरोलिया आदि अतिथि शामिल थे, आयोजन में सैकड़ों युवक-युवतियों ने परिचय दिया दोपहर बाद अखिल इंडिया माली सैनी सभा का मिलन समारोह राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगदीश सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ आयोजन में प्रमुख रूप से सागर संभाग प्रभारी दिलीप सैनी, अध्यक्ष सुभाष सैनी ,जिलाध्यक्ष अशोक सैनी सहित पूरे सागर संभाग रीवा संभाग के पदाधिकारी पदाधिकारी समाज बंधु कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही परिचय सम्मेलन में मध्य प्रदेश सहित आसपास के राज्य समाज बंधु युवक युवतियां भी शामिल हो छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नितिन कश्यप भी शामिल हुआ प्रमुख रुप से सर्व युवा माली महासभा प्रदेश अध्यक्ष श्री राधेश्याम माली भोपाल ,घनश्याम माली भोपाल, बालगोविंद माली आदि बड़ी संख्या में महिलाएं नौजवान शक्ति एवं मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तरप्रदेश समाज बंधुओं में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं











'जहा चाह वहा राह 'सच ही कहा है किसी ने धरती सोना उगलती है परंतु उसके लिए प्रयास भी करना पड़ता है टमाटर बेचकर हिमाचल के किसान जयराम सैनी बन गए करोड़पति, 8300 क्रेट बेच कमा डाले 1 करोड़ 10 लाख। जयराम सैनी को खेती में लंबा तजुर्बा है। जयराम सैनी के चंद महीनों की कड़ी मेहनत की बदौलत परिवार करोड़पति बन गया है। जयराम सैनी का कहना है कि उन्होंने जीवन में ज्यादा सुविधाओं की इच्छा कभी नहीं पाली। टमाटर के बढ़ते दाम हिमाचल प्रदेश के जयराम सैनी के लिए वरदान बनकर आये हैं। जयराम सैनी ने टमाटर बेचकर करोड़ों रुपये कमा लिए।

हम बात कर रहे हैं मंडी जिला की बल्हघाटी के ढाबण गांव के 67 वर्षीय किसान जयराम सैनी की। जयराम सैनी पिछले 52 साल से टमाटर की खेती कर रहे हैं, लेकिन आजतक उन्हें कभी इतना मुनाफा नहीं है। माली सैनी संदेश से बात करते हुए जयराम सैनी ने बताया कि उन्होंने अब तक टमाटर के 8300 से ज्यादा क्रेट बेच चुके हैं। जिससे वो 1 करोड़ 10 लाख रुपये कमा चुके हैं। जयराम सैनी का कहना है कि टमाटर के दाम बढ़ने से उन्हें मोटा मुनाफा हुआ है। जयराम सैनी का कहना है कि वो अब नया ट्रैक्टर लेंगे। उनका ट्रैक्टर पुराना हो चुका है।

**किसान जयराम**



प्रदेश के लोग बडी संख्या में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ लेकर स्वस्थ हो रहे है। यह हम सबके लिए हर्ष का विषय है। इस योजना से लाखों लोगों को नि:शुल्क इलाज मिल रहा है। इस योजना के कारण राजस्थान स्वास्थ्य बीमा की कवरेज में देश में पहले स्थान पर है। जिन लोगों ने अभी तक चिरंजीवी योजना में रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है वो अब अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। जिससे आवश्यकता पडने पर उन्हें कैशलेस इलाज मिल सके। राजस्थान सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा आज पूरे देश में हो रही है। केन्द्र सरकार को भी राज्य की इन योजनाओं को अपनाना चाहिए। - अशोक गहलोत



चिरंजीवी में नि:शुल्क हुआ इलाज

## राजस्थान प्रदेश की आम जनता से अपील...

# मैं.. अशोक गहलोत..

(मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार)

**मेरे प्रिय प्रदेश वासियों..**

**जय हिंद, जय राजस्थान**

विपक्ष में बीजेपी के चंद महत्वाकांक्षी नेता येन केन प्रकारेण सत्ता पाने के लिए झूठे आरोप लगाकर मुझे बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

**'क्या मैं गलत कर रहा हूं? '**

जबकि आम जनता के लिए..

मैंने, मेरी राजस्थान सरकार ने क्या मुफ्त दवा, मुफ्त जांच ,25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, 500 में सिलेंडर, 100 यूनिट तक बिजली फ्री, 200 यूनिट तक उपभोग पर सारे चार्ज खत्म, महिलाओं को रोडवेज में आधा किराया,पेंशन हजार रुपए. पुन: सरकार बनने पर 15 सो रुपए, 5 किलो फूड पैकेट जल्द, ओपीएस लागू करना, प्रदेश में 19 नए जिले घोषित करना, पशुओं का मुफ्त इलाज, दुधारू पशुओं का बीमा,बीपीएल महिलाओं को स्मार्टफोन,महिलाओं की उड़ान योजना, विद्यार्थियों के लिए ड्रेस.आदि अनेक सुविधाएं.

**क्या यह सब मैं मेरे लिए कर रहा हूं. ?**

**चुकि मैं गरीब मध्यम वर्ग के परिवारों का उत्थान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।**

जैसा कि विदित है जब निरूशुल्क दवा योजना नहीं थी. उससे पहले आप अपने माता-पिता, बीमार बच्चों के इलाज वास्ते जमीन जायदाद गहने सेठ साहूकार के यहां महंगे ब्याज पर पैसा उधार नहीं लेते थे क्या ?

मैंने, मेरी सरकार ने ये सब राहत प्रदान करके क्या कोई गुनाह किया है. ?

ये बीजेपी के लोग नहीं चाहते की आप सबका उत्थान हो,गरीबों को राहत मिले !

क्या मैंने महंगाई राहत कैंप में सभी पात्र लोगों को राहत नहीं दी क्या, ?

हमने किसी भी प्रकार की अप्रत्याशित घटनाओं पर दोषी आरोपियों को सख्त सजा देने का काम किया है।

हमने पेपर लीक मामले में शामिल अपराधियों को सख्त सजा देने का काम किया है।

वहीं दूसरी ओर भाजपा के चंद कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ झूठे प्रदर्शन करके हमारी सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे है।

जरा सोचो..क्या मेरे खिलाफ प्रदर्शन करने वालों ने महंगाई राहत कैम्प में जाकर के अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया. ? एक तरफ तो यह महंगाई राहत कैंप का फायदा भी ले रहे हैं और दूसरी तरफ अपनी राजनीति की रोटी सेकने के लिए राजस्थान सरकार को बदनाम भी करने की कोशिश कर रहे है।

**अत: मुझे आपके सहयोग की जरूरत है।**

चुकि मैं मध्यमवर्गीय गरीब वंचित वर्ग के परिवारों के उत्थान का काम कर रहा हूं।

अत: हमें आने वाले विधानसभा चुनाव में इन विरोधी पार्टी के लोगों को सबक सिखाना होगा..

यह लोग सत्ता पाने के लिए मेरे खिलाफ रोज नित नई साजिश रच रहे हैं। सोशल मीडिया पर झूठ पर झूठ फैंक रहे हैं। हमें इनके बहकावे में नहीं आना है।

सत्यमेव जयते

जय जननायक
जय जय जननायक
चौथी बार
गहलोत सरकार

बार-बार
गहलोत सरकार

अबकी बार
OPS सरकार
मध्यम वर्ग की
अपनी सरकार



36 दिन तक प्री मैच्योर बेबी का उपचार
दो लाख रूपये का नि:शुल्क इलाज



नि:शुल्क किडनी ट्रांसप्लांट से
जितेन्द्र को मिला नया जीवन





इलाज के बड़े खर्च की चिंता से मुक्त
हुए राजस्थान के लोग



**चिरंजीवी ने फिर भरे**
**अन्नु के जीवन में शब्दों के रंग**

# मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना



जसराज सिंह
-सादुलशहर, श्रीगंगानगर

**घुटना प्रत्यारोपण से जीवन हुआ आसान**
**कानों में गूंजी खुशियों की किलकारी**
**दिल से छेद का हुआ ऑपरेशन मिला नया जीवन**
**अब तक 1.48 करोड़ की जांचे नि:शुल्क**
**अंग प्रत्यारोपण से जुड़े 37 पैकेंज योजना में**



रजब अली की बेटी शकीना
-नागौर

## राजस्थान के 1.40 करोड परिवारों को 25 लाख तक की नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा



यूनिवर्सल हैल्थ कवरेज का अनुपालन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के प्रयासों से मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना प्रारंभ की गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना में 10 लाख रूपये तक का दुर्घटना बीमा भी सरकार द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

**राज्य के हर वर्ग को मिल रही सुविधा**


**अति आवश्यक होने पर पैकेंज राशि का 50 प्रतिशत एडवांस**

**प्रदेश में सबके स्वास्थ्य का अधिकार ऐसा कानून लाने वाला देश का पहला राज्य बना राजस्थान**

**देश में अद्वितीय राजस्थान स्वास्थ्य मॉडल**









राजस्थान के प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य का अधिकार दिया गया है। हमारी सरकार ने चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा को लागू कर एक क्रांति का सूत्रपात किया है। मैंने प्रधानमंत्री से भी अनुरोध किया है और फिर कह रहा हूं कि राजस्थान में लोगों को स्वास्थ्य बीमा देने के लिए लागू की गई हमारी चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए। इस योजना के तहत लाभान्वित परिवार को 25 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। और इसके अलावा अंग प्रत्यारोपण का खर्च सरकार वहन करती हैं मेरा हर प्रयास राजस्थान और उसके लोगों के हित के लिए होगा। हैल्थ के क्षेत्र में हम राजस्थान को पूरे देश के सामने एक मील का पत्थर बनाकर ही दम लेंगे। – अशोक गहलोत

## स्वस्थ राजस्थान



### गर्भवती महिलाओं एवं बुजुर्गों के लिए सेवाएं...

राजस्थान सरकार आंचल प्रसूता केंद्र, पंचकर्म चिकित्सा केंद्र और जरावस्था चिकित्सा केंद्रों का भी संचालन कर रही है, जिसके माध्यम से लोगों को लाभ मिल रहा है। इसका फायदा विशेषकर गर्भवती महिलाओं एवं बुजुर्गों को हो रहा है। आंचल प्रसूता केंद्र के माध्यम से राज्य में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में आयुर्वेद चिकित्सा की महती भूमिका है। प्रत्येक संभाग एवं जिला मुख्यालय पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के आयुर्वेद चिकित्सालयों में चरणबद्ध तरीके से राज्य के प्रत्येक जिले में 35 आंचल प्रसूता केंद्र स्थापित किये गये हैं। इन केंद्रों पर गर्भिणी/प्रसूताओं के लिये विशेष औषधि एवं पथ्य (आहार) का वितरण कर उनके स्वास्थ्य का रक्षण किया जा रहा है तथा इस अवस्था में उपयोगी गुणवत्तायुक्त औषधियों का वितरण भी किया जा रहा है।



## परंपरागत चिकित्सा प्रणालियों के विस्तार के लिए निरन्तर महत्वपूर्ण फैसले लिए

*आधुनिक जीवनशैली में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी सहित अन्य भारतीय चिकित्सा पद्धतियों की प्रासंगिकता और बढ़ी है। इन सभी पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए हमारी राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। हमने अलग-अलग शहरों में नए औषधालय व चिकित्सालय बनाए, आयुर्वेद दवाओं के निर्माण पर जोर दिया, नए महाविद्यालय खोलने समेत हर स्तर पर कार्य किया। अब औषधालयों व चिकित्सालयों में सभी मरीजों को ओपीडी व आईपीडी की निःशुल्क सुविधा मिल रही है। भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए हमने राज्य में पहली बार आयुष नीति भी लागू की।*

**-अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री, राजस्थान

# राजस्थान में आयुष चिकित्सा सुविधाओं का हुआ बड़े स्तर पर विकास

**गहलोत सरकार ने परम्परागत चिकित्सा पद्धति को दिया बढ़ावा**
**राज्य आयुष नीति लागू की**
**नए संस्थान शुरू किये**





प्रदेश के 2 शहरों में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय

## 6 शहरों में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के महाविद्यालय शुरू



## आयुष औषधालयों में भी ओपीडी एवं आईपीडी सुविधाएं निःशुल्क




## घर-घर औषधि योजना के जरिए राजस्थान को स्वस्थ बना रही राज्य सरकार 519 लाख पौधे वितरित किये

**बेहतरी इम्यूनिटी पर जोर : प्रदेश के हर घर में तुलसी, कालमेघ, अश्वगंधा और गिलोय पौधे वितरित रिसर्च में प्रमाणित ज्ञान के बाद पौधों को योजना में शामिल किया गया।**

## मेडि ट्यूरिज्म वैलनेस सेन्टर : सेहत की नई शुरूआत प्रदेश में 100 आयुष चिकित्सालयों और औषधालयों में यूनानी चिकित्सा सुविधा

## 225 ब्लॉक मुख्यालयों पर खुलेंगे नवीन होम्पयोपैथिक औषधालय

राजस्थान सरकार ने राज्य के 225 ब्लॉक मुख्यालयों पर होम्योपैथिक औषधालय खोलने का फैसला किया है। इसके अलावा इनके संचालन के लिए 450 नये पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा स्वीकृत किए गए प्रस्ताव के अनुसार 225 ब्लॉक मुख्यालयों पर होम्पयोपैथिक औषधालय खोले जायेंगे। प्रत्येक औषधालय में एक होम्पयोपैथी चिकित्सा अधिकारी एवं एक कनिष्ठ नर्स/कम्पाउंडर को नियुक्त किया जायेगा। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से प्रदेश का स्वास्थ्य ढांचा और सुदृढ़ होगा एवं लोगों को स्थानीय स्तर पर होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 2023-24के बजट में प्रत्येक ब्लॉक में होम्पयोपैथिक औषधालय खोलने की घोषणा की है।

### वसई विरार माली समाज की शानदार पहल

# वसई विरार हाइवे साइड होगी माली समाज की जमीन जिस पर बनेगी समाज का भवन





मुम्बई। वसई विरार माली समाज की ओर से वसई में भव्य भजन संध्या एवं स्नेह मिलन का आयोजन अपार उत्साह से सम्पन्न हुआ। समारोह में आगामी सम्मेलन के चढावे बोले गए। गायक प्रकाश माली ने भजन गायक के रूप में समाज के भाईयों को जगह लेने के लिए प्रेरित करके अमिट छाप छोडी और मंच संचालक रणजीत माली ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा।

इस अवसर पर वसई विरार नालासोपारा के हाइवे टच जगह लेकर उस पर भव्य भवन बनाने के लिए भामाशाहों को प्रेरित किया। जिसमें समाज के दुकानदार व्यपारियों ने बढ चढकर सहयोग किया और बड़े ही उत्साह के साथ सभी ने भाग लिया। यह जगह माली समाज के सभी भाईयों के लिए खूब काम में आयेगी यह जगह दक्षिण मुम्बई सहित आने जाने वाले सभी माली समाज के भाईयों के रूकने के लिए काम में आयेगी जिस पर भवन बनाने के साथ छोटा सा संत शिरोमणि लिखमीदासजी महाराज का मन्दिर भी बनेगा। समारोह में पधारे हुए अतिथियों का स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर संस्थान की तरफ से श्री शंकरलालजी सुदेशा और श्री रतनलालजी टोक को भामाशाह गोरव सम्मान प्रदान किया गया।

समारोह में समाापन के अवसर पर राजस्थान माली समाज सेवा संगठन विरार वसई तालुका के अध्यक्ष श्री पदमारामजी देवड़ा एवं पूरी कमेटी की तरफ से आभार व्यक्त किया।







## समाज जागृति हेतु मातृशक्ति ने अभियान छेड़ा

जयपुर। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के महासचिव पूनम चंद कच्छावा ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले भवन बनाने और समाज में जन जागृति लाकर एक जूटता बढ़ाने का अभियान प्रारंभ किया है।संस्थान की महिला मित्र मंडल की अध्यक्ष रेनू सैनी के नेतृत्व में जयपुर में हर घर फुले की टीम में प्रतिभा चंदेल, हिमांक्षी सोलंकी, रजनी मेहरवाल आदि महिलाओं के द्वारा राजधानी के माली, सैनी समाज को जागरूक करने का अभियान अपने हाथ में ले लिया है। इसी भांति अब युवा मित्र मंडल अभियान चलाएंगे। महिला मित्र मंडल की बैठक संस्थान में आयोजित हुई जिसे संरक्षण रामलाल कच्छावा ने आगे की कार्य योजना से संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अनुभव चंदेल, उपाध्यक्ष हनुमान प्रसाद सैनी, रामप्रसाद राकसिया, रमेश सैनी, अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सैनी, महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान के महासचिव रामनारायण चौहान आदि उपस्थित थे। संस्थान में महात्मा ज्योतिबा फुले गैलरी एवं लाइब्रेरी का अवलोकन वरिष्ठ कांट्रेक्टर सत्यनारायण चौहान, हेमंत चौहान, शिक्षण संस्थान के चेयरमैन केलाशराज सैनी,संस्थान के पदाधिकारियों के साथ महात्मा फुले गैलरी का अवलोकन किया और वाचनालय में जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। (रामनारायण चौहान) महासचिव,महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान दिल्ली।

## रामजी महाजन 24 वी पुण्यतिथि पर पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मानित हुए प्रदेश भर के समाजसेवी

भोपाल। मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग के मसीहा पिछड़ा वर्ग आयोग मध्य प्रदेश के संस्थापक प्रथम अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राम जी महाजन जी 24 पुण्यतिथि पर संयुक्त माली-सैनी-मरार समाज द्वारा पिछड़ा वर्ग के समाजसेवियों का सम्मान समारोह 27 अगस्त, 2023 को भोपाल में पिछड़ा वर्ग सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में श्री रामजी महाजन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम के लिए शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं विधायक पीसी शर्मा व अन्य अतिथियों ने किया प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेश सुमन प्रदेश सचिव रामचरण माने ने बताया कि इस अवसर पर समाज के समाज सेवी, पत्रकार,व्यवसायी, आदि 45 से अधिक समाज सेवायों का सम्मान समारोह अतिथियों ने शील्ड मोमेंट,प्रमाण पत्र, शॉल एवं श्रीफल देकर का सम्मान किया तथा वनमाली पत्रिका अतिथियों ने विमाचन किया हैं। मुख्य अतिथि श्री पी सी शर्मा ने कहां की मैंने राम जी महाजन के साथ भी कार्य किया है राम जी महाजन पिछड़ा वर्ग के महान चिंतक विचारक है उन्होंने मध्य प्रदेश में पूरे प्रदेश का दौरा करके पिछड़ा वर्ग को चिन्हित किया पिछड़ा वर्ग को शासकीय योजना आरक्षण आदि का लाभ दिलवाने में मुख्य भूमिका अदा की पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने महाजन आयोग की अध्ययन करके पूरे प्रदेश में पिछड़ा वर्ग को लाभ दिलवाएं गया ऐसे हमारे साथी श्री राम जी महाजन थे आज में उनका विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं विशेष अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि महाजन साहब ने भोपाल में महात्मा फुले भवन बनाने का उनका सपना था जिसकी जिम्मेदारी महाजन साहब ने अंतिम समय पर स्व. लिखिराम कावरे पूर्व मंत्री को सौपी।

## इंग्लैण्ड कॉमनवैल्थ चैम्पियनशिप में सैनी से जीते 2 स्वर्ण 1 कांस्य



सफीदों इंग्लैंड में आयोजित पावरलिफ्टिंग कॉमनवैल्थ चौंपियनशिप में सफीदों के गुलशन सैनी ने 75 किलो वर्गभार में जीते 2 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक जीते हैं।

गुलशन सैनी की इस उपलब्धि पर सफीदों क्षेत्र में खुशी की लहर है।

गौरतलब है कि इंग्लैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ चौम्पियनशिप द्रोणाचार्य भूपेन्द्र धवन के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करके कुल 12 पदक जीते हैं जिसमें 8 स्वर्ण पदक हैं। इस चौम्पियनशिप में अन्य खिलाड़ियों की तरह से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए गुलशन सैनी ने 75 किलोग्राम वर्गभार में 512.5 की लिफ्ट करते हुए 2 स्वर्ण तथा 1 कांस्य पदक जीते है। गुलशन सैनी को बधाई देते हुए द्रोणाचार्य अवार्डी भूपेंद्र धवन व टीम मैनेजर सुजित खत्री ने इस अभूतपूर्व जीत का श्रेय खिलाड़ियों द्वारा की गई कड़ी मेहनत और लग्न को दिया है। अपने संबोधन में गुलशन सैनी ने कहा कि भारतीय टीम की जीत का मुख्य श्रेय उनके कोच द्रोणाचार्य भूपेन्द्र को जाता है। जिनके जबर्दस्त मार्गदर्शन और तकनीकी ज्ञान ने उन्हें अपने जीवन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित किया। बता दें कि कॉमनवेल्थ पावरलिफ्टिंग और यूरोपियन चौंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में सफीदों के युवा गुलशन सैनी का चयन हुआ था। यह चौंपियनशिप 30 जून से 2 जुलाई तक नॉटिंघमशायर (इंग्लैंड) में आयोजित की गई थी। जिसकी लोगो ने जमकर सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व षि मंत्री प्रभूलाल सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि बेटियो की शिक्षा के लिए सभी समाजो को सार्थक प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनी समाज की प्रभिए सम्पूर्ण भरत में कीर्तीमान स्थापित कर रही है। विशिष्ट अतिथि माली महासभा के प्रदेशाध्यक्ष छुट्टनलाल सैनी फूल वाले ने संबोधित करते हुए गरीब तबे की बेटियो को सम्बल प्रदान करने को एतिहासिक कदम बताया। साथ ही उन्होने 141 बेटियों के गोद लेने व प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज में शिक्षा की अलख जगाने मुख्य धारा से वंचित बेटियों को शिक्षा से जोड़कर समाज में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित कर स बल प्रदान करने वाले भामाशाह सी एल सैनी जिलाध्यक्ष सवाई माधोपुर, युवा व्यवसाई जितेन्द्र तंवर एम डी नामदेव फिनकोर्प प्रा.लि., उन्नति ग्रुप की श्रीमती कांता देवी को इस पुनीत कार्य हेतु धन्यवाद दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक रवि कुमार सैनी, केडी मार्केटिंग के निदेशक महेश सैनी, जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण गंगवाल, महासभा प्रवक्ता व महामंत्री बाबूलाल सैनी रजवास, उपाध्यक्ष चन्दा लाल सैनी, बजरंग पंवार, मोहर सिंह सैनी, भागचंद सैनी, महामंत्री प्रहलाद बोली, संगठन मंत्री डा. रामनारायण सैनी, सचिव करतार करोली, मुकेश सैनी व स्थानीय समाज के पदाधिकारी मौजुद रहे।

### गंगापुर में सैनी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# गरीब तबके की 141 बेटियों को गोद लेकर शिक्षा के लिए आठ लाख की राशि कै चैक सौंपे



लालसोट । गंगापुर में माली समाज सवाई माधोपुर के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह के दौरान कमजोर तबके की करीब 141 बेटियो को शिक्षा की मुख्यधारा से जोडने के लिए गोद लेकर उन्हे नामदेव फिनकोर्प प्रा.लि. की ओर से आर्थिक सहायता राशि के आठ लाख के चौक भी वितरित किए गए। इस दौरान समाज की करीब 200 प्रतिभाओ को कर्णधार सम्मान से सम्मानित किया गया।

जिसकी लोगो ने जमकर सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया । समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री प्रभूलाल सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि बेटियो की शिक्षा के लिए सभी समाजो को सार्थक प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनी समाज की प्रभिए सम्पूर्ण भरत में कीर्तीमान स्थापित कर रही है।

विशिष्ट अतिथि माली महासभा के प्रदेशाध्यक्ष छुट्टनलाल सैनी फूल वाले ने संबोधित करते हुए गरीब तबे की बेटियो को सम्बल प्रदान करने को एतिहासिक कदम बताया। साथ ही उन्होने 141 बेटियों के गोद लेने व प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज में शिक्षा की अलख जगाने मुख्य धारा से वंचित बेटियों को शिक्षा से जोड़कर समाज में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित कर स बल प्रदान करने वाले भामाशाह सी एल सैनी जिलाध्यक्ष सवाई माधोपुर,युवा व्यवसाई जितेन्द्र तंवर एम डी नामदेव फिनकोर्प प्रा. लि., उन्नति ग्रुप की श्रीमती कांता देवी को इस पुनीत कार्य हेतु धन्यवाद दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक रवि कुमार सैनी, केडी मार्केटिंग के निदेशक महेश सैनी, जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण गंगवाल, महासभा प्रवक्ता व महामंत्री बाबूलाल सैनी रजवास, उपाध्यक्ष चन्दा लाल सैनी, बजरंग पंवार, मोहर सिंह सैनी, भागचंद सैनी, महामंत्री प्रहलाद बोली, संगठन मंत्री डा. रामनारायण सैनी, सचिव करतार करोली, मुकेश सैनी व स्थानीय समाज के पदाधिकारी मौजुद रहे।

# बागड़ी ट्रस्ट की ओर से फुले छात्रावास निर्माण के लिए 2 लाख 51 हजार रूपए व एसडीएम कोर्ट में वाटर कूलर भेंट





लक्ष्मणगढ़ 6 अगस्त। शिक्षा, चिकित्सा,पार्क सहित समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य कर रहे संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट लक्ष्मनगढ की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण के लिए 2 लाख 51 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग किया जाएगा ।जबकि उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में वाटर कूलर भेंट किया जाएगा।

ट्रस्ट के चौयरमेन महेश बागड़ी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण में ट्रस्ट की ओर से निर्माण कार्य में सहयोग के लिए 2 लाख 51 हजार रुपए दिए जाएंगे जबकि एसडीएम कोर्ट में आने वाले आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वाटर कूलर लगाया जायेगा। जिससे एसडीएम कोर्ट सहित तहसील कार्यालय व उपकोष कार्यालय में आने वाले नागरिक लाभन्वित होंगे।

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश बागड़ी ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से इससे पूर्व सैनी भवन, जैयपुरिया श्मशान घाट, सैनी बालाजी मंदिर में वाटर कूलर लगायें गये है। जबकि सदाबहार पार्क में बच्चों के लिए झूला व आमजन के विश्राम के लिए कुर्सी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि जयपुरिया श्मशान घाट में 2 लाख 51 हजार रुपए की लागत से कर्मकांड कक्ष मय लॉकर का निर्माण कराया गया है।

ट्रस्ट के मंत्री बाबूलाल सैनी बताया कि ट्रस्ट की ओर पिछले एक दशक से प्रतिवर्ष 13 अप्रैल व 24 जुलाई को बागड़ी दम्पत्ति की पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न सामाजिक कार्यो का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया रक्तदान शिविर, चिकित्सा शिविर, प्रतिभा सम्मान समारोह व फुले दम्पत्ति समाजसेवा पुरस्कार व शिक्षिका पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जा रहा है।



समाजरत्न

# श्री रामजी महाजन

**कीचड़ में पंकज खिले, अरु कांटों में फूल**
**होत महात्मा दीन पर, कस्तूरी मृग मूल**

सच ही है कमल का फूल कीचड़ में खिलता है और गुलाब का फूल कांटों में। ठीक वैसे ही कस्तूरी मृग की नाभि में होती है। प्रकृति के इस विधान के अनुसार महापुरुष सामान्य परिवार में जन्म लेते हैं। रामजी महाजन का जन्म भी मध्यप्रदेश में में बैतूल जिले के प्रभातपट्टन ग्राम में माली जाति के एक सामान्य परिवार में 14 सितम्बर 1931 को हुआ। महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित माता-पिता ने बालक रामजी को सत्य, सादगी, सेवा, सदाचार और प्रेम की भावना से ओत-प्रोत किया। बाल्यकाल की यही मानसिकता आगे चलकर रामजी महाजन के जीवन का लक्ष्य बनी।

तत्कालीन सामाजिक रीति रिवाज के चलते किशोरवय में ही इनका विवाह कुलीन परिवार की सुशील कन्या जयंवती से हुआ। विवाह बंधन में बंधने के बाद भी आपने विद्या अर्जन जारी रखा तथा 1953 में इंटर पास करने के बाद महात्मा फुले के विचारों से प्रेरित होकर सार्वजनिक जीवन में पदार्पण किया।

स्वजाति भाईयों की एकता और प्रगति के संकल्प के साथ वर्ष 1955 में ग्राम अमरावती घाट में प्रथम माली सम्मेलन का आयोजन कर समाजबंधुओं में सामाजिक चेतना का बीजारोपण किया। एक वर्ष बाद ही वर्ष 1956 में ग्राम मांडवी जिला बैतूल में ही द्वितीय माली सम्मेलन आयोजित कर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने लगे।

आपने वर्ष 1956 में प्रथम बार ग्राम पंचायत प्रभातपट्टन के पंच पद हेतु लगभग 96 प्रतिशत मतों के प्रचण्ड बहुमत से विजयी होकर राजनीति में प्रवेश किया। यह विजय रथ ग्राम पंचायत प्रभातपट्टन के उपसरपंच, जनपद पंचायत प्रभात पट्टन के अध्यक्ष, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के मंत्री दर्जे के साथ अध्यक्ष फिर अनेक विभागों के मंत्री का दायित्व संभालने तक बढ़ता ही रहा।

जिला स्तरीय माली सम्मेलन से उत्साहित होकर मई 1958 में अखिल भारतीय स्तर पर सफल माली अधिवेशन गृह ग्राम प्रभातपट्टन में आयोजित कर माली सैनी, मरार कुशवाह आदि विविध समूहों में बंटे समाज को एक मंच पर लाने का भागीरथ प्रयास कर डाला। इस अधिवेशन की आशातीत सफलता से प्रेरित होकर आपने प्रदेश एवं देश का सघन दौरा प्रारंभ किया। जनसंपर्क में आपने पाया कि समाजबंधु शासन एवं प्रशासन की उपेक्षा का शिकार है। शासन प्रशासन से उचित भागीदारी नहीं होने से समाज को विकास के अपेक्षित अवसर नहीं मिल पाते हैं। समाज की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक स्थिति दलित भाईयों से भी बदतर है। देश के प्रमुख समाजबंधुओं से चर्चा में आपने पाया कि समाज के पिछड़ेपन का मुख्य कारण असंगठित एवं जागरूक नहीं होना है

आपने देश, प्रदेश के मुम्बई, पुणे, नागपुर, हैदराबाद, दिल्ली, मेरठ, सहारनपुर, गाजियाबाद, जयपुर, भोपाल, इंदौर, सतना, ग्वालियर आदि नगरों में परिचित साथियों के साथ मिल कर स्वजातीय भाईयों के सम्मेलन, शिविर और संगोष्ठियों की श्रृंखला प्रारंभ की तथा अपने उद्बोधन में अलग-अलग समूहों में बंटे समाज भाईयों को एक मंच पर आने के लिए प्रेरित किया। एक दूसरे के सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने तथा वैवाहिक रिश्ते कायम करने का आह्वान किया। सामूहिक विवाह का आयोजन करने तथा आडम्बर रहित विवाह की सलाह दी। बालिकाओं को पढ़ाने और रूढ़िवादिता त्यागने पर जोर दिया। इन सभी प्रयासों के सकारात्मक परिणाम देखकर आपने 18 अगस्त 1970 को मध्यप्रदेश क्षत्रिय माली, सैनी, मरार एकता मंच (पंजीकृत) का गठन किया तथा इस संस्था के आजीवन अध्यक्ष रहे। इस संस्था का मुख्यालय भोपाल में है।

राजनीतिक सफलता की कड़ी में 12 मार्च 1972 को प्रचण्ड बहुमत से विधायक निर्वाचित हुए विधानसभा का यह चुनाव जनता के स्नेह और समर्थन से आपने चार हजार रुपये की अल्प राशि से जीता। ज्यादातर लोग दलीय आधार और जातिगत समीकरण जीते। का चुनाव जीतते है। लेकिन आप इदिरा गांधी की राजनीतिक आंधी और स्वजाति के सिर्फ 5 प्रतिशत वोटों के बादभी 60 प्रतिशत वोट लेकर निर्दलीय चुनाव आपके समर्पित कार्यकर्ताओं ने स्वयं की बैलगाड़ी और साइकिल से ग्रामीण क्षेत्र में घूमकर बिना पारिश्रमिक लिए फुटाने खाकर प्रतिदिन 15-16 घंटे सघन प्रचार कर आपको विजयी बनाया।

आपने सामाजिक एकता के प्रयासों की कड़ी में 29, 30 दिसम्बर 1974 को भोपाल में माली सैनी, मरार समाज के अखिल भारतीय अधिवेशन का सफल आयोजन किया। उस अधिवेशन के मुख्य अतिथि तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाशचन्द्र सेठी थे। इस सम्मेलन में डॉ. शंकरदयाल शर्मा भी सम्मिलित हुए थे जो बाद में भारत के उपराष्ट्रपति और बाद में राष्ट्रपति बने।

क्षेत्रीय विकास और ईमानदार छवि के आधार पर आप वर्ष 1977 में पुनः विधायक चुने गए। वर्ष 1980 में तीसरी बार विधायक निर्वाचित होने पर मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने दिनांक 17 नवम्बर 1980 को इन्हें मंत्री दर्जे के साथ मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग की जवाबदारी सौंपी। आपने इस चुनौतीपूर्ण जवाबदारी को स्वीकर कर प्रदेश के ग्रामीण अंचलों का सघन दौरा कर आर्थिक सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ी जातियों को चिन्हित किया तथा तीन वर्ष एक माह पांच दिन के अथक प्रयास के बाद दिनांक 22 दिसम्बर 1983 को पिछड़ा वर्ग आयोग का ऐतिहासिक अंतिम प्रतिवेदन मुख्यमंत्री को सौंपा। जिसमें देश के अन्य प्रदेशों में शासन से पिछड़ी जातियों को मिलने वाली सुविधाओं के तथ्यात्मक विवरण के साथ मध्यप्रदेश में पिछड़ी जातियों के विकास हेतु 52 अनुशंसाएं की गई थी। इस प्रतिवेदन के आधार पर ही माली, सैनी, मरार, कुशवाहा, शाक्य, मौर्य, कोयरी, पनारा, मुराई, सोनकर शाखाओं में बंटे समाज के छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति नौकरी में आरक्षण, त्रिस्तरीय पंचायती राज के चुनाव नगर पालिका नगर निगम के चुनाव सहकारी समितियों के चुनाव में आरक्षण का लाभ मिलने लगा।

मार्च 1985 में आप चौथी बार विधायक चुने गये। दिनांक 14 फरवरी 1983 को मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने आपको अपने मंत्रिमंडल में लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग का स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्यमंत्री बनाया। आप 23 जनवरी 1989 तक इस पद पर रहे। मध्यप्रदेश शासन द्वारा वरिष्ठ एवं विशिष्ट विधायकों को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किए जाने के निर्णयानुसार आपको दिनांक 22 सितम्बर 1989 को तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के करकमलों से शविधानश्रीश की उपाधि से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ पंडित श्यामाचरण शुक्ल मुख्यमंत्री बने। उन्होंने आपको दिनांक 24 दिसम्बर 1989 को अपने मंत्रिमंडल में जेल, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का दायित्व सौपा।

वर्ष 1990 में आपसे मुम्बई में आयोजित अखिल भारतीय माली अधिवेशन में अपने प्रभावशाली संबोधन से समाज में अपनी अमिट छाप छोड़ी। दिनांक 30 नवम्बर 1993 को पांचवीं बार निर्वाचित होकर बैतूल जिले में सबसे अधिक बार

जीतने वाले विधायक का गौरव प्राप्त किया । परिणाम स्वरूप 05 दिसम्बर 1993 को दिग्विजय सिंह मंत्रिमंडल में जेल, श्रम, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सौगात मिली ।

प्राथमिक शाला मोधनी के लिए दिनांक 21 अक्टूबर 1986 को 0.018 हेक्टेयर तथा दिनांक 14 फरवरी 1993 को 0.010 हेक्टेयर भूमिदान किया । इसी क्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रभातपट्टन के लिए (20 एकड़) 8.09 हेक्टेयर भूमि दिनांक नवम्बर 1995 को विद्यालय को दान कर समाज कागौरव बढ़ाया।

राजनीतिक व्यस्तता के बावजूद भी आप समाज सुधार के अपने लक्ष्य से विमुख नहीं हुए तथा इसी क्रम में बड़ा मलहरा (छतरपुर) में अप्रैल 1994 में एक सामाजिक सम्मेलन में समाज को चेताया – मैं थक गया हूं। फिर भी मन में तमन्ना है समाज जागृत हो । हम पिछड़ों की चेतना जागे । आप लोगों में सामाजिक कार्यों के प्रति उत्साह को देखकर महसूस कर रहा हूं जैसे मैं इस कस्बे में तीर्थ में आया हूं। कुम्भ में आया हूं। जन्म से शादी और मृत्यु तक कुरीतियां फैली है। ऐसे में समाज को नई दिशा देना एक बहुत बड़ी समाज सेवा है।

